सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 70 | इंदौर, सोमवार 22 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बिजासन मंदिर में एक साथ विराजीं 9 देवियां



**इंदौर।** बिजासन माता मंदिर में एक साथ 9 देवियां विराजित हैं। यह मंदिर एक हजार साल पुराना है। यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां देवी के 9 स्वरुपों के दर्शन एक साथ होते हैं। यहां 9 रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री हैं। सभी 9 देवियां बहनें हैं और स्वयंभू रूप में स्थापित हैं। खास यह है कि यहां शिवजी, काल भैरव और हनुमान जी विराजित हैं। बिजासन माता को सौभाग्य और संतानदायिनी माना जाता है। वैसे तो आम दिनों में भी यहां काफी भक्त उमड़ते हैं। लेकिन, अष्टमी और नवमीं के खास मौके पर श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है।



# गरबों में एंट्री से कपड़ों तक बजरंग दल की गाइडलाइन

## मुस्लिम महिला पार्षद का वीडियो भी आया सामने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में नवरात्रि महोत्सव बड़े स्तर पर मनाया जाता है। कई बड़े पंडालों और आयोजनों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग इंदौर आते हैं। कई बड़ी इवेंट मैनेजमेंट कंपनियां भी इसके लिए कई महीने पहले से ही तैयारियां करने लगती हैं। इस बार नवरात्रि शुरू होने से पहले ही कई तरह के विवाद सामने आ रहे हैं। सबसे पहले मुस्लिम महिला पार्षद ने मुस्लिम समाज के लिए एक वीडियो जारी किया और अब बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने गरबे के लिए एक गाइडलाइन जारी कर दी है। भाजपा पार्षद मनीष मामा ने कहा है कि मुस्लिम लड़के गरबे में अकेले आए तो उन्हें शरीयत की सजा दी जाएगी। वहीं गरबे में बालिकाओं से फीस वसूलने के मामले में विधायक रमेश मेंदोला और समर्थकों का भी विवाद सामने आया है।**

शनिवार को मुस्लिम महिला पार्षद रूबीना खान ने एक वीडियो जारी किया है और कहा है कि मुस्लिम समाज के लड़कों को गरबा देखने के लिए नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी संगठन यदि मुस्लिम समाज के बालकों के साथ में मारपीट करेगा तो यह न तो उनके माता-पिता को अच्छा लगेगा न ही उनके समाज के लोगों को। इसलिए वे उस जगह नहीं जाएं जहां पर उन्हें नहीं जाना चाहिए।

भाजपा पार्षद मनीष मामा ने कहा कि यह देवी की आराधना का पर्व है। हमारे कार्यक्रमों अलीम, कलीम पर प्रतिबंध है। यदि वह अपने परिवार और अम्मी, अब्बा के साथ आते हैं तो स्वागत है। इस्लाम में मूर्ति पूजा बैन है तो मुस्लिम लड़के गरबे में क्या करने आते हैं। यदि वह यहां पर बहनों को परेशान करने के लिए आएंगे तो उन्हें शरीयत की सजा मिलेगी। विधायक रमेश मेंदोला के समर्थक जीतू चौधरी ने कनकेश्वरी देवी गरबा महोत्सव में बालिकाओं से शुल्क लेने पर आपत्ति जताई। वे इतना नाराज हो गए कि उन्होंने सोशल मीडिया पर विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और एक के बाद एक कई पोस्ट किए। हालांकि बाद में उन्होंने इसे पारिवारिक मामला बताया और कहा कि उन्हें यह पोस्ट नहीं करना थी।



**विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने जारी की गाइडलाइन**

**गरबा पंडाल के आयोजको एवं समाजजनों से अपील**

1. गरबा पंडाल के निकट किसी भी प्रकार का नशा (धूम्रपान / शराब), मांसाहार निषेध हो।
2. गरबा एक हिंदू महोत्सव है, गरबा पंडाल में गैर हिंदू प्रवेश निषेध हो।
3. प्रवेशकर्ता का प्रमाणिक परिचय पत्र देखकर सनातनी हिंदुओं को ही प्रवेश दें।
4. गरबा मां की आराधना का उत्सव है, सभी पारंपरिक मर्यादित परिधान में ही प्रवेश करें, पंडाल में अश्लील, अंग प्रदर्शन करने वाले वस्त्र वर्जित हों।
5. मां की आराधना में गीत संगीत भक्तिमय हो, अश्लील, फूहड़, फिल्मी गाने प्रतिबंधित हों।

उक्त नियम पालन की जिम्मेदारी आयोजको की रहेगी, नियम का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, इंदौर विभाग संपर्क - 9009525222, 9926504905, 9300906671

# नगर निगम के कचरा वाहन में लगी आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रणजीत हनुमान रोड पर रविवार दोपहर नगर निगम की एक कचरा गाड़ी में आग लग गई। आग की सूचना के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया गया। आग लगने के दौरान एक तरफ के ट्रैफिक को पुलिस ने रुकवा दिया। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।**

फायर ब्रिगेड के मुताबिक घटना 12 बजकर 45 मिनट के लगभग की है। यहां जोन नंबर 15 की गाड़ी में विनोद बंसल अपने कर्मचारी छोटेलाल के साथ कचरा संग्रहण का काम चल रहा था। अचानक इंजन की तरफ से स्पार्किंग शुरू हुई। जिसमें ड्रायवर विनोद ने धुआं निकलने के बाद गाड़ी को एक तरफ खड़ा किया। इस दौरान आग ने बड़ा रूप ले लिया। ड्रायवर विनोद आग को लेकर नीचे उतर गया।

लोगों ने गाड़ी में आग लगी देखी तो फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। एक टैंक पानी डालकर आग पर काबू किया गया। आग में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। पूर्व में भी यहां जोन 14 में फूटी कोठी के सामने कचरा गाड़ी में आगजनी की घटना हो गई थी।

# 'जयस' कार्यकर्ताओं ने एमवाय अस्पताल के गेट पर प्रदर्शन किया

## ◆ दोषी अधिकारियों को सस्पेंड करने और इन पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की मांग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चर्चित चूहा कांड को लेकर आक्रोश खत्म नहीं हुआ है। रविवार को जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) कार्यकर्ताओं ने एमवाय अस्पताल के गेट पर प्रदर्शन किया। जयस ने डीन, सुपरिंटेंडेंट सहित दोषी अधिकारियों को सस्पेंड करने और इन पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की मांग की। जयस का प्रदर्शन अभी जारी है। दोपहर 12 बजे जयस कार्यकर्ताओं का अस्पताल के गेट पर एकत्रित होने का सिलसिला शुरू हुआ और प्रदर्शन शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने कहा कि इंदौर में घटित चूहाकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण मासूम नवजात बच्चियों की जिंदगी से खिलवाड़ हुआ, वह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को उजागर कर पीड़ितों को न्याय दिलाना है। अगर डीन, सुपरिंटेंडेंट सहित दोषी अधिकारियों पर निलंबन की कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में मासूमों की जान यूं ही खतरे में रहेगी। यह आंदोलन केवल न्याय की मांग ही नहीं बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की जवाबदेही तय करने का प्रयास है। कुछ देर बाद डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और एसडीएम प्रदीप सोनी अस्पताल पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा।

# लिफ्ट मैकेनिक की हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में शनिवार को एक लिफ्ट मैकेनिक की हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लिफ्ट लगाने के दौरान वह गंभीर रूप से घायल हुआ था। घायल कर्मचारी को उसके साथ काम करने वाले साथी ने कंपनी की गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया, लेकिन यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक कृष्णपाल (22) पुत्र मोतीलाल पाल नंदबाग कॉलोनी का निवासी था। वह एक निजी कंपनी में लिफ्ट मैकेनिक के तौर पर काम करता था। शनिवार को पालदा इलाके में तीन मंजिला इमारत में लिफ्ट लगाने गया था। लिफ्ट का गियर बॉक्स सेट करते समय मशीन गिरने से उसे गंभीर चोट लगी। चोट लगने के कारण प्राइवेट पार्ट से काफी रक्तस्राव हुआ। साथी ने तुरंत कंपनी को सूचना दी और कृष्णपाल को अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कृष्णपाल मूल रूप से बिहार के कोटरा का रहने वाला था और इंदौर में एक दोस्त के साथ किराए के घर में रहता था। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उनके पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी थी। परिवार में चाचा और दादा गांव में रहते हैं।

# रेप, नाबालिग ने दिया बच्ची को जन्म, फिर गढ़ी कहानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आधी रात मुझे रोने की आवाज सुनाई दी। घर से बाहर निकली तो देखा कि आवाज झाड़ियों से आ रही था। मैं मोबाइल का टॉर्च जलाकर आगे गई। वहां गाजर घास में एक नवजात ठिठुर रही थी। मैं उसे घर ले आई और पति को बताया।**

यह कहना है इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाली महिला का कहना है। महिला के अनुसार नवजात 14 सितंबर की रात मिली थी। वह पति के साथ पुलिस के पास पहुंची। पुलिस नवजात के मिलने की वही कहानी सुनाई, लेकिन दूसरे ही दिन पुलिस को कुछ और ही मामले का पता चला। दंपती ने पुलिस को बताया था कि वे मासूम को घर के अंदर लाए। उसे साफ करके कपड़े पहनाए। दोनों बेटियों (7 साल और 17 साल) ने उसे खूब प्यार किया। दूसरे दिन 15 सितंबर को दंपती को लगा कि लावारिस बच्ची को घर में रखने पर अपराध दर्ज हो सकता है। इसलिए वे पुलिस के पास गए और बच्ची को सौंप दिया। पुलिस ने बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। वह स्वस्थ पाई गई। दंपती ने पुलिस से कहा कि वे उसे गोद लेना चाहते हैं। पुलिस ने सहमति दे दी। पुलिस ने जांच शुरू की और पता लगाया कि बच्ची को झाड़ियों कौन छोड़ गया था। पुलिस को अनुमान था कि जहां बच्ची मिली वहां आसपास मेटरनिटी होम, अस्पताल होंगे, जहां डिलीवरी हो सकती है, लेकिन वहां ऐसा कुछ नहीं मिला। टीआई सियाराम गुर्जर और टीम को लगा कि दंपती की दो बेटियां और 11 साल का बेटा है। ऐसे में नवजात के कपड़े घर में कैसे मिल गए। सीसीटीवी देखे तो घटनास्थल पर कोई आवाजाही नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने दंपती से पूछताछ की। 19 सितंबर की शाम पूछताछ के दौरान दंपती ने बताया कि उनकी नाबालिग बेटी के साथ तीन लोगों ने दुष्कर्म किया था। आरोपियों में एक उनका रिश्तेदार और दो सफाई कर्मचारी हैं। बेटी के गर्भवती होने का काफी देर बाद पता चला। बेटी और परिवार की बदनामी के डर से पुलिस को झूठी कहानी बताई।

# रीजनल पार्क में सफाई के लिए दरोगा को फटकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पिछले दिनों इंदौर आए निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव रोजाना अलग-अलग इलाकों में सफाई व्यवस्था और अन्य व्यवस्था देख रहे हैं। रविवार को भी उन्होंने अलग-अलग इलाकों में सफाई व्यवस्था देखी। जहां सफाई में कमी लगी वहां दरोगा को फटकारा। काम को लेकर अधिकारियों को भी समझाया।**

रविवार को निगमायुक्त ने अटल बिहारी वाजपेयी क्षेत्रीय उद्यान (रीजनल पार्क) और जोन-18 के अग्रवाल नगर, भंवरकुआं, जानकी नगर, सपना-संगीता रोड, मैकेनिक नगर, ओल्ड अग्रवाल नगर, अग्रसेन नगर चौराहा का दौरा किया।



रीजनल पार्क के दौरे के दौरान पार्क में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ ही उनके काम की समीक्षा करने के निर्देश दिए जो कर्मचारी काम नहीं कर रहे उन्हें हटाने के लिए कहा गया है। इस दौरान पार्क में सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं मिली तो दरोगा मंगल चौहान को फटकार लगाई और सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद निगमायुक्त ने अग्रवाल नगर में सफाई व्यवस्था को देखा, जानकी नगर स्थित गार्डन में नए बने गजीबों में लोगों के बैठने के लिए पत्थर की कुर्सी की चौड़ाई मात्र 9 इंच होने पर सब इंजीनियर पर नाराजगी जाहिर की। उसकी चौड़ाई बढ़ाने के लिए अधिकारियों को कहा है। उन्होंने गार्डन में बने पाथ-वे पर ब्लॉक व्यवस्थित नहीं होने पर उसे भी ठीक करने के लिए कहा है। जानकी नगर गार्डन में निगमायुक्त ने लोगों से भी बात की और रखरखाव के लिए रहवासियों की समिति बनाकर गार्डन को गोद लेने के संबंध में चर्चा की। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव व अन्य अधिकारी। निगमायुक्त ने देखा कि निर्माण काम की वजह से सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल फैला है और ट्रैफिक बाधित हो रहा है। इस पर उन्होंने सभी भवन अधिकारी एवं भवन निरीक्षक को अपने-अपने जोन क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन का बिल्डिंग मटेरियल रोड पर न फैले तथा रोड पर आवाजाही व्यवस्थित करने के लिए कहा।अग्रवाल नगर में निर्माणाधिन बिल्डिंग के बाहर रोड किनारे चौकीदार का चद्दर के शेड के कारण ट्रैफिक बाधित हो रहा था, उसे हटाने के लिए कहा।

## राजा के जन्मदिन पर परिवार ने गाया हैप्पी बर्थ-डे सांग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में रघुवंशी परिवार में आज अलग ही माहौल देखने को मिला। रविवार को राजा रघुवंशी का जन्मदिन है। परिवार के लोगों ने उसका जन्मदिन मनाया। परिवार के लोग राजा की फोटो के पास पहुंचे और राजा के लिए हैप्पी बर्थ-डे सांग गाया। इसके साथ ही राजा की मां ने राजा की फोटो की बलाएं भी ली। इस दौरान राजा के दोनों भाई उनकी पत्नी, बच्चे और राजा के माता-पिता मौजूद रहे। 21 सितंबर को राजा के जन्मदिन पर परिवार जरूरतमंदों को कंबल आदि वितरित भी करने जाएगा।

बता दें कि राजा रघुवंशी हत्या का मामला देशभर में चर्चित रहा। अभी भी इस मामले में राजा की पत्नी सोनम सहित पांच आरोपी जेल में है। इस मामले में पुलिस ने 790 पेज की चार्जशीट भी कोर्ट में पेश कर दी है। जिस भाई को बचपन से बड़े होते हुए देखा। जिस धूमधाम से उसकी शादी की और शादी के कुछ ही दिन बाद उसकी हत्या हो गई थी। इससे पूरा रघुवंशी परिवार टूट गया था। परिवार उस समय और चौंक गया था, जब उन्हें ये पता चला कि राजा की पत्नी ने ही अपने प्रेमी और उसके साथियों के साथ मिलकर राजा को मौत के घाट उतार दिया। आज राजा के जन्मदिन पर परिवार के लोगों ने खासकर राजा के भाई विपिन और सचिन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राजा के जन्मदिन और उसकी कई पिक्चर शेयर की। साथ ही लिखा कि मेरा भाई राजा रघुवंशी का आज बर्थ-डे है, जो हमारे बीच नहीं रहा। आप सभी से निवेदन है कि उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें और जल्दी उसे इंसाफ दिलाने में हमारा सहयोग करें। घटना के बाद से राजा का परिवार उसके कातिलों को कड़ी सजा इसकी मांग करता आ रहा है। परिवार का कहना है कि राजा के कातिलों को आजीवन कारावास या फांसी की सजा मिलना चाहिए। राजा का केस के लिए राजा के भाई विपिन ने शिलॉन्ग में एक वकील भी हायर किया है। पिछले दिनों ही विपिन शिलॉन्ग गए थे।

## सराफा चौपाटी की कमेटी में बदलाव

**इंदौर।** इंदौर के सराफा चौपाटी की कमेटी में बदलाव किया गया है। पहले कमेटी में एसोसिएशन के तीन लोगों को शामिल किया था, लेकिन अब इसमें दोनों एसोसिएशन के दो-दो पदाधिकारी ही रहेंगे। जल्द ही कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके लिए महापौर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया है। बता दें कि इंदौर में रात्रिकालीन लगने वाली सराफा चौपाटी को लेकर इंदौर चांदी-सोना–जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चौपाटी हटाने की मांग उठाई थी। कई दिनों तक उन्होंने चौपाटी हटाने को लेकर अलग-अलग गतिविधियां की थीं। सराफा चौपाटी मामले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सराफा चौपाटी के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की और आपसी समन्वय के साथ इसमें 9 लोगों की कमेटी बनाने का फैसला लिया था। कमेटी में सराफा व्यापारी एसोसिएशन और सराफा चौपाटी एसोसिएशन के तीन-तीन सदस्य रखने का निर्णय हुआ था। इसके अलावा महापौर सहित अन्य लोगों की कमेटी गठित होनी थी।

## नवरात्रि महामहोत्सव में दलेर मेहंदी, लखबीर सिंह लक्खा जैसे मशहूर गायकों की प्रस्तुति

### देवी भागवत कथा के बाद भक्तों को मिलेगा प्रस्तुतियों का आनंद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में इस साल होने जा रहे 'अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव' में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए प्रसिद्ध गायक दलेर मेहंदी, लखबीर सिंह लक्खा जैसे कलाकार आ रहे हैं। यहां कवि सम्मेलन भी होगा, जिसका आनंद भक्तों को देवी भागवत कथा के बाद लेने मिलेगा। ये भव्य और अद्वितीय धार्मिक आयोजन 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक वीआईपी परस्पर नगर में कृष्णागिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में होना है।**





प्रतिदिन यज्ञ स्थल पर शाम 7 से रात 10 बजे तक देवी भागवत कथा भी होगी, जिसके श्रवण में भक्तों का मां के दिव्य अवतारों से साक्षात्कार होगा। 9.30 बजे से भक्तों के लिए कई प्रस्तुतियां भी होगी, जिसके लिए नामी गायक और कवि देशभर से इंदौर में आ रहे हैं। संगीतमय प्रस्तुति के लिए इन 11 दिन में सुप्रसिद्ध गायक दलेर मेहंदी, लखबीर सिंह लक्खा, उस्मान मीर और प्रसिद्ध ड्रम आर्टिस्ट शिवमणि शामिल है। कवि सम्मेलन के लिए पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा (हास्य सम्राट) नई दिल्ली, शशिकांत यादव शशि (सबरस कवि), अमन अक्षर (राम गीत फेम) मुंबई , राम भदावर (वीर रस) भिंड, मुन्ना बैट्री (हास्य) मंदसौर, दिनेश देसी घी (हास्य के रजनीकांत) शाजापुर और अन्य कई कवि आ रहे हैं।

### स्वर्ण लेपित अष्ट कलश किए गए हैं स्थापित

आयोजन स्थल पर ही स्वर्ण लेपित अष्ट कलश भी स्थापित किए गए हैं। प्रतिदिन यज्ञ स्थल पर शाम 7 से रात 10 बजे तक देवी भागवत कथा भी होगी। इस कथा श्रवण में भक्तों का मां के दिव्य अवतारों से साक्षात्कार होगा। इसके बाद यहां कवि सम्मेलन और अन्य प्रस्तुतियां भी होगी। 1 करोड़ कुमकुम अर्चन, 1 करोड़ मंत्र जाप और 10 लाख हवन आहुतियां होंगी। 11,000 स्वर्ण-लेपित अष्टलक्ष्मी कलशों को 1 करोड़ मंत्र जाप, 1 करोड़ कुमकुम अर्चन एवं 10 लाख आहुतियों से सिद्ध किया जाएगा। इन कलशों में महालक्ष्मी को आकर्षित करने के लिए विभिन्न थैलियों में दिव्य वस्तुएं रखी जा रही हैं, जिनमें दक्षिणावर्ती शंख, नव रत्न, 32 प्रकार के उपरत्न, 32 प्रकार के रत्न, दो दुर्लभ रुद्राक्ष, 999 शुद्धता वाला महालक्ष्मी मुद्रित 5 ग्राम का चांदी का सिक्का, पंचधातु (सोना, चांदी, तांबा, पीतल, कांसा), 154 प्रकार की दुर्लभ औषधियां सहित कुल 451 दिव्य सामग्रियां शामिल है। आयोजन में 30000 किलो शुद्ध मेवे एवं औषधियां, 20000 किलो पीले, सफ़ेद लाल चंदनादि पवित्र वृक्षों की समिधाएं, 7000 किलो देसी गाय का घी, खजूर, किशमिश, आँवला जैसे दिव्य फल और दुर्लभ जड़ी-बूटियाँ और अन्य दिव्य सामग्री उपयोग में लाई जाएगी, जो इसे अध्यात्म और भव्यता का अनुपम संगम बनाएगी।



## सामूहिक देव ऋषि एवं पितृ तर्पण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सर्वपितृ अमावस्या पर श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा द्वारा समाज के भवन धर्मशाला जूनी इंदौर में सामूहिक देव ऋषि एवं पितृ तर्पण किया गया। आचार्य पंडित मयंक जोशी के सानिध्य में समाज अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप जोशी सहित अनेक सदस्यों ने तर्पण कार्य संपादित किया।

डॉ. यादव ने उत्तर प्रदेश प्रवास में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया

# भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी स्मृतियों को संजोकर तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है राज्य सरकार: मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी स्मृतियों को संजोने और उनसे जुड़े स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के लिये अनुकूल समय है, जब राष्ट्र के हित में सही निर्णय हो रहे हैं। विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को वृंदावन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे भगवान कृष्ण कन्हैया की पावन धरा पर पहुंचे हैं। यहां पहुंचने पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं याद आती हैं जो आज भी समसामयिक हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने विशाल दृष्टिकोण और गरीबों के प्रति उदार भाव रखने की शिक्षा दी। मध्यप्रदेश की धरती पर सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने से लेकर सुदामा के साथ मैत्री, रुकमणी से विवाह और भगवान परशुराम से सुदर्शन चक्र प्राप्त करने के प्रसंग घटित हुए। इस नाते मध्यप्रदेश भी गौकुल का आनंद प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृंदावन धाम स्थित केशव नगर पहुंचकर साध्वी सरस्वती दीदी की श्रीमद भागवत कथा का श्रवण किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। साध्वी सरस्वती दीदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मध्यप्रदेश में गौवंश संरक्षण, कृष्ण पाथेय के विकास के लिए की गई पहल और वैदिक घड़ी की स्थापना, भारतीय संस्कृति से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के प्रयासों की सराहना की। साध्वी सरस्वती दीदी ने सैनिक सहायता कोष के लिए साध्वी सरस्वती फाउंडेशन, वृंदावन की ओर से 11 लाख रुपए की राशि का चेक मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सैनिक सहायता कोष के लिए मध्यप्रदेश सरकार की ओर से 11 लाख रुपए की राशि शामिल करते हुए कोष में कुल 22 लाख रुपए देने को कहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आगरा एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री द्वय श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं श्री ब्रजेश पाठक ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उप मुख्यमंत्री द्वय का हृदय से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के वृंदावन पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## आशा कार्यकर्ता को विधायक का ऑफर : भाजपा में आ जाओ...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर, एजेंसी। जिले की देवरी विधानसभा से भाजपा विधायक बृज बिहारी पटैरिया ने स्वास्थ्य शिविर के दौरान एक आशा कार्यकर्ता को भाजपा में शामिल होने और बड़ा पद दिलाने का ऑफर दे डाला। आशा कार्यकर्ता संगीता चौकसे ने इस पर भाजपा में शामिल होने से इनकार करते हुए कहा कि मैं आशा बहनों के बीच रहकर ही खुश हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। शनिवार को देवरी विधानसभा के केसली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर रखा गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक बृजबिहारी पटैरिया पहुंचे थे। शिविर में आशा कार्यकर्ता संगीता चौकसे सहित कई आशा वर्कर भी पहुंची थीं। उन्होंने विधायक से आशा कार्यकर्ताओं को मानदेय न मिलने की शिकायत की। इस पर विधायक पटैरिया ने आश्वासन दिया कि मानदेय दिलाने का प्रयास करेंगे। इसी दौरान उन्होंने संगीता चौकसे को भाजपा में शामिल होने का ऑफर दिया। विधायक के ऑफर पर आशा कार्यकर्ता संगीता चौकसे ने कहा- अगर हम भाजपा में चले जाएं तो अधिकारी तो खुश हो जाएंगे कि हम चले गए, लेकिन बाकी आशा कार्यकर्ताओं का क्या होगा? हमारा गांव ही अच्छा है। हम जनता की सेवा कर रही हैं, अपने पद से खुश हैं। हमें किसी बड़े पद की जरूरत नहीं।



## सेना के ट्रक में आग, हाइटेंशन लाइन से जला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन, एजेंसी। रेलवे स्टेशन के यार्ड के पास आर्मी की स्पेशल मालगाड़ी में लोड ट्रक में आग लग गई। मालगाड़ी से अचानक धुआं उठता देख फौरन उज्जैन स्टेशन पर रोकी गई। बताया जा रहा है कि सेना की गाड़ियों को कवर करने के लिए डाला गया कपड़ा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टच हो गया, जिससे आग लग गई। आरपीएफ और रेलवे की टीम को फौरन हादसे की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची रेलवे की टीमों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। फिलहाल मालगाड़ी को उज्जैन रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित खड़ा किया गया है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## बस पलटी, यूपी की महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

शाजापुर, एजेंसी। रविवार सुबह दो अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की जान चली गई, वहीं, 25 यात्री घायल हो गए। आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर बस बेकाबू होकर पलट गई। इसमें एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। वहीं, शाजापुर-आगर मार्ग पर दो कार की आमने-सामने भिड़ंत में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। सुनेरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर अभयपुर गांव के पास तेज रफ्तार बस सड़क के किनारे पलट गई। बस गुजरात के जामनगर से दतिया के इंदरगढ़ जा रही थी थी। हादसे में गायत्री बाई पति ओमप्रकाश निवासी अकबरपुर यूपी महिला की मौत हो गई, जबकि 25 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

## गरबा प्रैक्टिस के बीच से महिला का अपहरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मंदसौर, एजेंसी। गरबा प्रैक्टिस कर रही महिला का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। ये लोग उसे घसीटते हुए अपने साथ ले गए। वहां मौजूद एक युवती ने बचाने की कोशिश की, लेकिन उसे आरोपियों ने धक्का दे दिया। एक आरोपी के हाथ में कट्टा था। घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। खानपुरा के भावसार धर्मशाला में महिलाएं और युवतियां गरबा की प्रैक्टिस कर रही थीं। तभी 4 युवक और दो महिलाएं वहां पहुंची और गरबा कर रही महिला को पकड़ लिया। वे उसे अपने साथ ले जाने लगे। वहां मौजूद सभी लोग डरकर पीछे की तरफ भाग गए। सिर्फ एक युवती उसे बचाने आगे आई, लेकिन आरोपी महिलाओं ने उसे धक्का दिया और मारपीट की। आरोपी महिला को गलियों में घसीटते हुए अपने साथ जबरदस्ती ले गए। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने जिले में नाकाबंदी करा दी। चेकिंग के दौरान शामगढ़ थाना क्षेत्र के चंदवासा में गाड़ी को रुकवाया। इसमें से महिला को बरामद किया गया। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि गरोठ थाना क्षेत्र निवासी महिला अपने पति को छोड़कर पिछले 3 महीने से यश नाम के युवक के साथ मंदसौर में लिव-इन-रिलेशन में रह रही थी। शनिवार रात महिला के परिजन गरबा पंडाल पहुंचे और उसे अगवा कर वैन से अपने साथ ले जा रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत के तहत नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## पहला सुख निरोगी काया, फिट रहें, नशे से बचें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तन और मन की शुचिता के साथ इनका स्वस्थ रहना भी हम सबके लिए बेहद जरूरी है। मनुष्य को पहला सुख निरोगी काया से ही मिलता है। इसलिए हमेशा फिजिकली फिट रहने की कोशिश करें और किसी भी प्रकार के नशे के सेवन से बचें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की सुबह अटल पथ पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी नागरिकों विशेषतः युवाओं से यह अपील की।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत अभियान के संकल्प पूर्ति एवं जन-जागरूकता के लिए आयोजित नमो युवा रन (मैराथन दौड़) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान नमो युवा रन का आयोजन हम सबको देश की सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में नमो युवा रन के मोमेंटों (लोगों) का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने स्वयं स्पोर्ट्स ट्रेक सूट में मैराथन दौड़ में शिरकत कर हजारों की संख्या में नमो युवा रन में शामिल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। हम सदैव अपनी सोच में, अपने विचारों में, अपने मूल्यों में 'देश सबसे पहले' की भावना रखें। हमेशा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें, तभी हमारा राष्ट्र पूरी दुनिया का सिरमौर बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है।

मध्यप्रदेश ने भी प्रधानमंत्री श्री मोदी की सोच और उनके विजन से कदम से कदम मिलाते हुए देश-दुनिया में अपनी अलग जगह और नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने खेलों के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। देश के साथ मध्यप्रदेश का भी खेल स्पर्धाओं में प्रदर्शन दिनों-दिन सुधर रहा है। मध्यप्रदेश के हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर, ऑलिम्पिक में पदक विजेता टीम के सदस्य रहे। यह हमें खेल के क्षेत्र में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से आह्वान किया कि यह संकल्प लें कि हम खुद को फिट रखेंगे, नशे से दूर रहेंगे और अपने-अपने काम और कर्तव्यों में भी हमेशा अव्वल रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत अभियान के संबंध में एक वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने देश के सभी युवाओं से फिट रहने और नशा नहीं करने की भावुक अपील की।

## संपादकीय

# ट्रंप के फैसले की हो रही तीखी आलोचना

टैरिफ पर मनमानी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एक और तगड़ा झटका दिया है। ट्रंप ने अमेरिकी H-1B वीजा फीस को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर यानी करीब करीब 88 लाख रुपये कर दिया है। ट्रंप के इस फैसले की तीखी आलोचना हो रही है। पूर्व राजनयिक महेश सचदेव ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया है। इससे भारतीय पेशेवरों का अमेरिका जाना मुश्किल हो जाएगा। हालांकि, बाद में इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं। लेकिन, समस्या अभी भी बनी हुई है। सचदेव के अनुसार, अमेरिका को कुशल भारतीय पेशेवरों की जरूरत है। लेकिन, वह अपनी शर्तों पर काम करना चाहता है। इस फैसले के पीछे MAGA बेस का दबाव है। उन्हें लगता है कि नौकरियां जा रही हैं। सचदेव के अनुसार, यह धारणा पूरी तरह से सही नहीं है। सचदेव का कहना है कि इस मुद्दे को अचानक उठाया गया। हितधारकों को तैयारी के लिए बहुत कम समय मिला। उन्हें इस फैसले के बारे में 24 घंटे से भी कम समय में बताया गया। अब वे इस फैसले को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। सचदेव ने कहा कि अब वे 'टूथपेस्ट को वापस ट्यूब में डालने' की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि H-1B वीजा वाले कर्मचारियों के अमेरिकी मालिकों ने शायद इस फैसले का विरोध किया होगा। इसलिए, सरकार को इसके दायरे को सीमित करना पड़ा। अब यह नियम सिर्फ नए लोगों पर लागू होगा और सिर्फ एक बार ही लगेगा। सचदेव का मानना है कि इससे स्थिति पर कुछ हद तक नियंत्रण हो जाएगा। सचदेव ने जोर देकर कहा कि मूल आदेश से बनी मुख्य समस्या अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों का आसानी से आना-जाना मुश्किल हो जाएगा। खासकर, उन भारतीय पेशेवरों के लिए जो तकनीकी रूप से बहुत कुशल हैं। अमेरिका को उनकी जरूरत है, लेकिन अमेरिका अपनी शर्तों पर काम करना चाहता है। वर्तमान सरकार MAGA बेस पर ध्यान दे रही है। इस समूह का मानना है कि उनकी नौकरियां चली गई हैं। सचदेव के अनुसार, यह सोच पूरी तरह से सही नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुत अधिक विदेशी आ रहे हैं और अमेरिकी कर्मचारियों की जगह ले रहे हैं। इससे अमेरिका के IT उद्योग में बेरोजगारी बढ़ रही है। लेकिन, यह बात पूरी तरह से सच नहीं है। अमेरिका के IT उद्योग में अमेरिकी नागरिकों के बीच बेरोजगारी दर लगभग 6% है। जबकि, पूरे अमेरिका में बेरोजगारी दर लगभग 3% है। सचदेव ने इस समस्या का कारण तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों को बताया। उन्होंने कहा कि IT उद्योग बहुत तेजी से बदल रहा है। इसलिए, जिन लोगों के पास पुराने कौशल हैं, उनकी अब जरूरत नहीं है। उन्हें खुद को फिर से सीखना होगा और नया ज्ञान प्राप्त करना होगा। यही बेरोजगारी का कारण है। सचदेव ने जोर दिया कि अमेरिकी कंपनियों को नए विचारों को अपनाने के लिए लचीला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कंपनियां इंतजार नहीं करना चाहेंगी। वे अपने नए विचारों को आगे बढ़ाना चाहेंगी। इसके लिए, अगर उन्हें विदेशी विशेषज्ञों की जरूरत है, तो यह उनके लिए बहुत जरूरी है या तो वे स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करें और उनके कौशल हासिल करने तक इंतजार करें, या वे जहां भी उपलब्ध हों, वहां से कौशल प्राप्त करें।

## 9 की बजाय 10 दिन की होगी

# नवरात्रि

## इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर

नवरात्रि शक्ति साधना का महापर्व कहा जाता है. नौ दिनों तक मां दुर्गा और उनके नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना होती है. लेकिन सवाल उठता है नवरात्रि व्रत की शुरुआत कब और कैसे हुई? शास्त्र और परंपरा इस सवाल का जवाब दो रूपों में देते हैं. चैत्र नवरात्र का उद्गम प्राचीन काल से जुड़ा है, जबकि शारदीय नवरात्रि की परंपरा समय के साथ स्थापित होकर सबसे लोकप्रिय बन गई.



शारदीय नवरात्र महोत्सव 22 सितंबर से शुरू हो रहा है और एक अक्टूबर को दुर्गा नवमी पर संपन्न होगा। इस बार नवरात्र नौ के बजाय 10 दिन चलेंगे। क्योंकि चतुर्थ तिथि दो दिन पड़ रही है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी नवरात्र 10 दिन के थे और अब 9 साल बाद फिर ऐसा ही संयोग बना है। वहीं वर्ष 2021 में नवरात्र केवल 8 दिन के ही थे। शारदीय नवरात्र 2025 इस साल भक्तों के लिए खास होने वाला है। न सिर्फ इसकी अवधि 9 की बजाय 10 दिन की होगी, बल्कि इस बार मां दुर्गा का आगमन गज वाहन (हाथी) पर हो रहा है, जिसे बेहद शुभ और समृद्धिदायक माना जाता है। हर साल में दो बार नवरात्रि का त्यौहार आता है। अश्विन (सितंबर-अक्टूबर) महीने में आने वाली अश्विन नवरात्रि कहा जाता है और दूसरी को चैत्र (मार्च-अप्रैल) के महीने में मनाई जाने वाली चैत्र नवरात्रि कहा जाता है। ये दोनों ही त्यौहार वैष्णव धर्मावलम्बियों के लिये बहुत खास मायने रखते हैं। नवरात्रि के दिन शुद्ध रूप से देवी दुर्गा के नौ रूपों को समर्पित है। सनातन मान्यताओं में दुर्गा को शक्ति का दर्जा दिया जाता है और उन्हें पार्वती, शक्ति, उमा, गौरी, कात्यायनी और कई अन्य नामों से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि सर्वोच्च देवत्व की स्त्री ऊर्जा तीन रूपों में प्रकट होती है, अर्थात् दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती, जो शक्ति, धन और ज्ञान का अवतार हैं। नवरात्रि में देवी के रूपों की असंख्य तरीकों से स्तुति और पूजा की जाती है। महिषासुर नाम का एक राक्षस था जिसका सिर एक भैंसे का था। उस राक्षस ने कठोर तपस्या कर स्वयं भगवान शिव से कई वरदान प्राप्त किये थे। जब उसका अभिमान और घमंड बढ़ गया तो उसने देवताओं और मनुष्यों को परेशान करना शुरू कर दिया। जब वह किसी के वश में नहीं हो सकता था, तो मां दुर्गा सभी देवी-देवताओं की शक्तियों से प्रकट हुई और उसका वध किया। इसी कारण दुर्गा को महिषासुर मर्दिनी भी कहा जाता है। नवरात्रि बुराई पर भगवान की जीत की बात भी कहती है। कहा जाता है कि अश्विन नवरात्रि के अंतिम दिन यानि दशहरा पर जो कुछ भी शुरू किया जाता है वह सफलता की ओर बढ़ता है। लोग इस त्यौहार को बड़ी भक्ति, धार्मिक उत्साह और कलात्मक भागीदारी के साथ मनाते हैं। भारत समेत दुनियाभर में नवरात्रि उत्सव के अलग-अलग रंग हैं। एक सवाल अक्सर हमारे सामने आता है कि आखिर नवरात्रि वर्ष में दो बार क्यों मनाई जाती है। इस सवाल का समाधान तलाशने के लिये आपको यह भी ध्यान देना होगा कि ये दोनों ही नवरात्रि सर्दियों और गर्मियों की शुरुआत से पहले मौसमी परिवर्तनों के समय होते हैं। इन समय प्रकृति रंगों के एक सेट से दूसरे रंगों की ओर बढ़ते हुए एक बड़े परिवर्तन से गुजर रही होती है। प्रकृति का प्रतीक मां दुर्गा की पूजा कर नवरात्रि उत्सव का यही उद्घोष किया जाता है। इन दोनों नवरात्रि के दौरान, दिन की लंबाई लगभग रात की लंबाई के बराबर होती है। दोनों नवरात्रि के दौरान जो मौसम होता है वह आनंद लेने औरनवरात्रि उत्सव में शामिल होने के लिए भी अनुकूल होता है। इस दौरान प्रकृति द्वारा प्रस्तुत आदर्श प्रकार की जलवायु मन की एकाग्रता को सक्षम करने वाले सम्मिलित उत्सव के लिए एक आदर्श वातावरण बनाती है। ऐसा कहा जाता है कि राक्षस राजा रावण से युद्ध करने के लिए लंका जाने से पहले श्री राम ने पहली बार अश्विन नवरात्रि संपन्न किये थे। ऐसा इसलिए क्योंकि वह मां दुर्गा का आशीर्वाद तो पाना चाहते थे, लेकिन पूजा करने और फिर युद्ध में जाने के लिए अगले छह महीने तक इंतजार नहीं करना चाहते थे। इस घटना के बाद से ही अश्विन नवरात्रि का त्यौहार मनाया जाने लगा।

New Delhi

# नवरात्रि से देश में जीएसटी सुधार का नया दौर शुरू होगा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नयी दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल से पहले नवरात्रि की शुरूआत के बाद देश में जीएसटी सुधार का नया दौर शुरू हो जायेगा और इससे करोड़ों लोगों की बचत बढ़ेगी जिससे वे अपनी पसंद की वस्तुयें खरीद सकेंगे।**

श्री मोदी ने रविवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि कल से आम लोगों को फायदा होगा और जीएसटी दरों में कमी से कारोबार करने में आसानी होगी और विकास की इस दौड में देश का हर राज्य भागीदार बनेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में सुधार का फायदा गरीब और मध्यम वर्ग को मिलेगा और यह आत्मनिर्भर




भारत की दिशा में एक नया कदम है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार अगली पीढ़ी के सुधार हैं जिन्हें देश की जरूरतों के हिसाब से बनाया गया है। ये सुधार देश के विकास की कहानी को गति देंगे, व्यापार को आसान बनाएंगे। हम नागरिक देवो भवः के मंत्र से आगे बढ़ रहे हैं उसकी साफ़ झलक इन जीएसटी सुधारों में दिख रही है। उन्होंने कहा कि यह समय आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाने की तरफ है। उन्होंने कहा कि देश को मध्यम, लघु और लघु क्षेत्र (एसएमई) से बहुत ज्यादा उम्मीद है। भारत में निर्मित सामानों से अपने गौरव को वापस पाना है। श्री मोदी ने कहा कि हमें स्वदेशी वस्तुएं खरीदने पर जोर देना चाहिए और जिन चीजों को बनाने में हमारे देश का पसीना लगा हो, हमें उन्हीं को खरीदना चाहिये।

Uttarpradesh

## खाना खाने निकले थे तीन दोस्त, रास्ते में टैंकर से टकरा गई बुलेट और फिर...





**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** दिल्ली से सटे यूपी के ग्रेटर नोएडा में रविवार शाम बीटा-2 थाना क्षेत्र के चुहड़पुर अंडरपास के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. पानी के टैंकर की टक्कर से बुलेट मोटरसाइकिल सवार गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) के तीन छात्रों की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, हादसा रविवार शाम करीब पांच बजे हुआ जब बीटेक (कंप्यूटर साइंस) के छात्र सागर, कुश उपाध्याय और बरेली सेटेलाइट कॉलोनी के समर्थ पुंडीर बुलेट मोटरसाइकिल से जीबीयू से निंबस सोसाइटी खाना खाने के लिए जा रहे थे. तीनों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था. जैसे ही वो चुहड़पुर अंडरपास के पास पहुंचे, सड़क किनारे पेड़ों को पानी देते हुए धीरे-धीरे चल रहे पानी के टैंकर में उनकी मोटरसाइकिल जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए. राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को नजदीकी जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सागर और कुश उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया. समर्थ पुंडीर की बुआ ग्रेटर नोएडा में ही रहती हैं. उनके अनुरोध पर समर्थ को फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया लेकिन उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया. पुलिस ने तीनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हादसे की गहनता से जांच की जा रही है और पानी के टैंकर के चालक और घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है.

Uttarpradesh

## व्हेल मछली की उल्टी बेचने वाला पकड़ाया

**सूरत, (एजेंसी)** गुजरात में सूरत पुलिस ने स्पर्म व्हेल की उल्टी यानी एम्बरग्रीस के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इस दुर्लभ और बहुमूल्य पदार्थ की मात्रा 2.904 किलोग्राम है, जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में अनुमानित कीमत 5.72 करोड़ रुपए है। पुलिस के मुताबिक आरोपी विपुल खेती करता है और उसे एंटीक चीजों संग्रहण करने का शौकीन और जानकार भी है। यही कारण था कि समुद्र किनारे मिला यह मोम जैसा पदार्थ वह पहचान सका और बेचने की फिराक में था। एंबरग्रीस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी कीमत इसे तस्करों का पसंदीदा बनाती है। हालांकि भारत समेत कई देशों में यह पूरी तरह गैरकानूनी है।



Maharashtra

## महाराष्ट्र के गरबा में लोगों पर गौमूत्र छिड़कने का फरमान

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी। आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है।

विहिप ने कहा- गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी।

विहिप ने गरबा आयोजकों से कहा- नवरात्रि



सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा।

खेल

# फील्डिंग की गलतियों को भुला अभिषेक ने खेली आतिशी पारी, सुपर-4 में भी भारत ने पाकिस्तान को चटाई धूल

**दुबई।** भारत ने एशिया कप के सुपर चार चरण के मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर विजय अभियान जारी रखा है। इससे पहले टीम ने ग्रुप चरण में भी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।



**पाकिस्तान ने पावरप्ले में बनाया दबाव-** पारी की पहली ही गेंद पर साहिबजादा फरहान को हार्दिक पांड्या की गेंद हाथ पर लगी, लेकिन वे बच गए। इसके तुरंत बाद अभिषेक शर्मा ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। फरहान उस वक्त खाता भी नहीं खोल पाए थे। 16 रन पर कुलदीप यादव ने भी उनका कैच टपकाया। इन गलतियों का नतीजा ये रहा कि पाकिस्तान ने पावरप्ले में 55 रन बना दिए, जो भारत के खिलाफ अब तक का उनका सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है।

**फरहान-अयूब की साझेदारी बनी मुसीबत-** फखर जमां (15) जल्दी आउट हो गए, लेकिन फरहान और सैम अयूब ने दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े। दोनों ने मिलकर भारतीय गेंदबाजों को निशाने पर लिया और 10 ओवर में पाकिस्तान का स्कोर 91/1 पहुंचा दिया। यहां भारत की लचर फील्डिंग ने पाकिस्तान को मजबूत मंच दिया।

**दुबे ने कसी लगाम-** ड्रिंक्स ब्रेक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने थोड़ी वापसी की। दरअसल, गौतम गंभीर ब्रेक के दौरान मैदान पर आए और उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इसका असर देखने को मिला। शिवम दुबे ने अयूब (21) और फरहान (58) को आउट कर बड़ी सफलता दिलाई। हार्दिक पांड्या और कुलदीप यादव ने भी एक-एक विकेट झटका। पाकिस्तान के मिडल ऑर्डर को खुलकर खेलने का मौका नहीं मिला और रनगति थोड़ी धीमी हुई।

**आखिरी ओवरों में नवाज-आगा का योगदान-** पाकिस्तान की पारी के अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा और विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर करने से रोक दिया। 18वें ओवर तक पाकिस्तान का स्कोर 146/4 था, लेकिन नवाज और कप्तान सलमान आगा ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। 19वें ओवर में रोमांचक मोड़ आया जब मोहम्मद नवाज (21) रन आउट हो गए। सलमान ने एक रन लेने की कोशिश की, लेकिन सूर्यकुमार यादव की शानदार थ्रो ने नवाज की पारी का अंत कर दिया। आखिरी ओवर में पाकिस्तानी बल्लेबाज खुलकर रन नहीं बना पाए और भारत ने कसी हुई गेंदबाजी से उन्हें रोक लिया। नतीजा यह रहा कि पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 171 रन तक ही पहुंच सकी।

सिनेमा

# बिजनेसमैन बने संजय दत्त



संजय दत्त अब बिजनेसमैन बन गए हैं। उन्होंने फिल्मों के बाद अब मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में अपना पहला रेस्टॉरेंट सोलेयर (Solaire) खोल दिया है। जिसके लिए उन्होंने ग्रैंड ओपनिंग रखी। जिसमें बॉलीवुड के तमाम सितारे पहुंचे, लेकिन लाइमलाइट उनकी 19 साल छोटी बीवी ने चुरा ली। जिन्होंने जैसे ही संजू बाबा के साथ एंट्री ली, तो शॉर्ट ड्रेस में सबकी नजर उनके ग्लैमरस लुक पर पड़ी। जिसके सामने किसी और पर ध्यान ही नहीं गया। वैसे तो दो जुड़वा बच्चों की मां मान्यता दत्त अक्सर ही अपने लुक्स से लोगों का दिल जीत लेती हैं, लेकिन इस बार उनका स्टाइल कमाल का लगा। जहां पति का हाथ थामकर उन्होंने जैसे ही इवेंट में एंट्री ली, तो उनका स्टाइलिश रूप देखते ही बना। जिसे उन्होंने कैरी भी शानदार तरीके से किया। यही नहीं संजय भी स्टाइलिश जैकेट पहन कूल लगे। अपने स्वैग के लिए अलग पहचान रखने वाले संजय अपने पहले रेस्टॉरेंट की ओपनिंग के लिए शानदार लुक में पहुंचे। उन्होंने ब्लैक- ब्राउन लुक अपनाया। जहां ब्लैक वी नेक टी- शर्ट के साथ उन्होंने ब्राउन जैकेट पहनी, जिसमें ब्लैक का भी शेड है, तो इसमें ड्रामा इसका सीधा बॉर्डर न होकर तिरछा डिजाइन ला रहा है।

# What gets cheaper from Monday as GST rate cut takes effect?



**Highlights**

1. Why do airports ask you to remove laptops?
2. How screening boosts passenger safety & speeds up security checks?
3. Video shows temple donation theft at TTD, BJP claims ₹100 cr looted during YSRCP govt
4. Raising concerns isn't negative politics: Congress on Nicobar Project
5. Advanced scanner technology let passengers zip through airports
6. Student's X post says Trump's $100,000 H-1B visa fee hits hard

**NEW DEIHI, (Agency).** Prices of daily items will be reduced further after Goods and Services Tax (GST) reforms rollout, Prime Minister Narendra Modi said on Sunday in his address to the nation. The reforms will come into effect from Monday, September 22, a move that he termed as "GST bachat utsav".

"Tax slabs of 5% and 18% only will be applied," Modi said as he declared announced the roll out of "next generation GST reforms" from tomorrow.

Prices of articles such food items, medicines, soap, toothbrush, toothpaste, health and life insurance will be slashed, Modi said.

The reforms will come into effect from Monday, September 22, prices of almost hundreds of items ranging from kitchen staples to electronics, automobiles are expected to be revised. "Entities like these will be either tax-free or the tax rates will be reduced," he said.

Almost 99% of the that earlier attracted 12% GST will now come under 5% slabs.

As a reprieve for the consumers, the GST Council that comprises Centre and states, has decided to reduce tax rates on goods and services.

Apart from essential items such as medicines and food, automobile, wellness and toiletries will become cheaper from Monday.

Currently, GST is levied in four slabs. For essential goods the rate is 5%, 12% for standard goods/services such as processed foods, cell phones, butter, ghee, some household appliances, 18% on goods and services such as Electronics, branded garments, restaurant services, personal care items.

On luxury and demerit goods such as automobiles, ACs, refrigerators, luxury items, tobacco products the tax is 40%. Besides, a compensation cess is levied on luxury items and demerit or sin goods.

After September 22, GST will be a two-tier structure wherein majority of goods and services will attract tax of 5 and 18 per cent. A 40 per cent tax will be levied on ultra luxury items while tobacco and related products will continue to be in the 28 per cent plus cess category.

What all gets cheaper from September 22?

Medicines- Earlier taxed at 12%, medicines will be cheaper as the tax has been slashed to 5%. Additionally, 36 critical life-saving drugs for cancer, genetic and rare diseases, and cardiovascular conditions have been fully exempted

Medical devices and diagnostic kits-The GST has been reduced to 5%

Mass consumption items like ghee, paneer, butter, 'namkeen', ketchup, jam, dry fruits, coffee and ice creams, and aspirational goods like TV, AC, washing machines.

Cement- GST has been reduced to 18% from 28%.

Cars- GST on big cars will now be 28% and 18% on small cars. Several car companies have already announced reduction in prices.

# सांप पकड़ने गए आरक्षक की कोबरा के काटने से मौत

## ◆ ध्यान चूकते ही उंगली पर डसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। पुलिस की प्रथम बटालियन में सांप पकड़ने के दौरान एक आरक्षक की कोबरा सांप के काटने से मौत हो गई। आरक्षक संतोष चौधरी पहले भी कई बार सांप पकड़ चुके थे। शनिवार रात को कुछ पुलिसकर्मियों को अस्तबल में



सांप दिखाई दिया था। उन्होंने आरक्षक संतोष चौधरी को सूचना दी। वे मौके पर पहुंचे और सांप को पकड भी लिया, लेकिन इस बीच संतोष का ध्यान चूका और सांप ने उनकी उंगली पर डस लिया।

सांप के डसने के बाद संतोष चौधरी ने मुंह से उंगली पर काटे गए हिस्से को चूसा और साथी आरक्षकों से कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है, लेकिन कुछ देर बाद उन्हें बेहोशी छाने लगी। साथी उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का कहना था कि कोबरा प्रजाति के सांप का जहर खून में फैल गया था। पहली बटालियन के आरक्षक संतोष को सांप पकड़ने में महारत हासिल थी। वे पहले भी कई बार सांप पकड़ चुके थे। अफसरों से सूचना मिलने के बाद वे शनिवार को भी सांप पकड़ने गए थे। उन्होंने सांप को पकड़ लिया था, इस दौरान कुछ साथियों ने उनके फोटो भी खींचे थे। संतोष के परिवार में पत्नी, बेटा और एक बेटी है। उनकी मौत से परिवार में मातम छा गया।

## 14 साल की नाबालिग ने फांसी लगा ली

**इंदौर**। चंदन नगर इलाके में एक 14 साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। शनिवार शाम वह अपनी सहेलियों के साथ बैठी थी। इसके बाद कुछ देर में आने का कहकर गई और फंदा बनाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, घटना



शनिवार शाम ग्राम सिदौड़ा की है। यहां रहने वाली रोशनी (14), पुत्री गोविंदा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। रोशनी की तीन बहनें घटना के समय बाहर थीं। इस दौरान वह कमरे में गई और फंदे पर झूल गई। बाद में बहनों ने उसे देखा तो आसपास के लोगों को सूचना दी। परिवार के मुताबिक, उसने काफी समय पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। परिवार के मुताबिक, रोशनी के पिता पेशे से ड्राइवर हैं, जो शनिवार को भोपाल गए थे। वहीं, मां इंदौर काम करने आई थीं। रोशनी की चार बहनें और हैं, जिनमें सबसे बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। रोशनी दूसरे नंबर पर थी। पुलिस के मुताबिक, किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी मामले की जांच की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक